प्रत्येक बैंक विभिन्न श्रेणियों में उपलब्ध रिक्त स्थानों के बारे में एक विवरण प्रस्तुत करेगा । आयोग इन रिक्त स्थानों का रिकार्ड रखेगा परन्तु इसे यह शक्ति नहीं है कि वह बैंकों को नियुक्ति करने के लिये बाध्य कर सके । यह केवल सिफारिश कर सकता है । और बैंकों को स्वयं यह निर्णय करना है कि क्या रिक्त स्थान भरे जाने चाहिये अथवा नहीं । रिक्त स्थान भरे जाने के लिये कोई समयावधि निर्धारित नहीं की गई है । हम नहीं चाहते कि इस देश के शिक्षित युवकों में निराशा की भावना आये । अत : इसके लिये एक सलाहकार समिति हो जिसमें मजदूर संघों और प्रबंधकों के प्रतिनिधि एक साथ मिलकर रोजगार सम्बन्धी नीति निर्धारित करें जिसमें व्यक्तियों का चयन, व्यक्तियों के चयन के नियम ही शामिल न हो । अपितु इसमें रोजगार की और व्यवस्था करने का उपबंध हो ।

आयोग के लिये कुछ मार्गदर्शी सिद्धांत होने चाहियें । इसका सम्पर्क प्रबंधकों से नियमित रूप से होना चाहिये और प्रबंधकों को इन मार्गदर्शी बातों का पालन करना चाहिये । जब तक आयोग को इस प्रकार की शक्तियां और कार्य नहीं सौंपे जायेंगे तब तक केवल परीक्षायें लेने और योग्य प्रत्याशियों की सूचियां बनाने से कोई लाभ नहीं होगा ।

विधेयक के उद्देश्यों में यह कहा गया है कि कनिष्ठ अधिकारियों की नई भर्त्ती 25 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिये । कुछ करारों में यह व्यवस्था है कि कनिष्ठ अधिकारियों के 'काडर' के लिये नई भर्त्ती केवल 15 प्रतिशत तक हो सकती है । मंत्री महोदय को स्पष्ट आश्वासन देना चाहिये कि बैंक के संघों के साथ वर्तमान समझौता में यदि पदोन्नति, भर्त्ती और स्थानान्तरण के सम्बन्ध में कोई विशेष उपबन्ध हों तो इन्हे इस विधान के अन्तर्गत संरक्षण मिलेगा, ताकि वे इन उपबंधों को कारगर ढंग से लागू कर सके और कार्यकुशलता बढ़ाई जा सके । यदि ऐसा नहीं किया जायेगा तो इसे लागू करना कठिन होगा ।

[श्री राजा कुलकर्णी]

बहुत से बैंकों के अपने अपने प्रशिक्षण कालेज और स्कूल हैं। यदि बैंक कारी आयोग परीक्षायें लेगा तो यह भी आवश्यक है कि यह आयोग 14 राष्ट्रीयकृत बैंकों की प्रशिक्षण संस्थाओं के समन्वये और केन्द्रीकरण के कार्य को भी अपने हाथ में ले। केवल तभी बैंकों के लिये अच्छे काडर की व्यवस्था हो सकेगी।

इन बातों के साथ मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री श्याम सुन्दर महापात्र (बालासोर) : सभापति महोदय जैसे ब्रिटेन के लोगों के लिए मेग्ना कार्टा लोकप्रिय प्रतिनिधित्व की शुरुआत थी इसी प्रकार हमारे देश में बैंकों का राष्ट्रीयकरण सुधारात्मक उपायों का आरम्भ है।

विधेयक में आयोग के सभापति और सदस्यों के बारे में यह कहा गया है कि आयोग के सभापति तथा सदस्यों के स्थान पर ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति की जाये जो योग्य तथा सत्यनिष्ट हों तथा जिनका वित्तीय अथवा आर्थिक या व्यापार प्रशासन का व्यावहारिक अनुभव हो।

मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि विकासशील अर्थव्यवस्था अथवा सामंतवाद से समाजवाद की ओर बढ़ते हुए समाज में यह जरूरी है कि आयोग के सभापति तथा सदस्य लोगों की इच्छाओं तथा आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करें। वे जनता की मनोवृत्ति को समझें तथा सरकार की नीतियों का समर्थन करें। जब तक ऐसा नहीं किया जाता है तब तक ये सब बातें अतिशयोक्तिपूर्ण होंगी।

यदि बैंकों के ये कार्यकारी अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तरह अपने आपको एक अलग वर्ग अथवा वरिष्ठ श्रेणी के लोग समझने लगें तो यह समस्त प्रस्ताव अर्थहीन हो जायेगा अत : मेरा मंत्री महोदय से यह निवेदन है कि आयोग के सभापति तथा सदस्यों के चयन की कसौटी यह होनी चाहिये कि उन्हे जिस प्रयोजन के लिए नियुक्त किया गया है वे उसके लिए वचनबद्ध हों। यदि सभापति जनता की इच्छा, आम राय और सरकार की नीति के प्रति आम प्रतिक्रिया के साथ नहीं चलता है तो नियुक्ति उचित नहीं की गई है। यह भी लिखा गया है कि सभापति का कार्यकाल 5 वर्ष का होगा और वह 65 वर्ष की अवस्था तक रह सकेगा। मैं समझता हूं कि 65 वर्ष की आयु रखना उचित नहीं है क्योंकि नवयुवकों को भी अवसर मिलना चाहिये। साथ ही चूंकि बैंक कार्मचारियों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है अत : एक बैंक सेवा आयोग की स्थापना की जानी चाहिये। जब तक यह आयोग नहीं बनता है बैंकों में मनमाने तरीके से व्यक्तियों की नियुक्ति की जायेगी।

हर साल बैंकों में 47,000 कर्मचारियों की भर्त्ती की जा रही है इसमें से 18 प्रतिशत अधिकारी, 24 प्रतिशत अधीनस्थ अधिकारी और 58 प्रतिशत क्लर्क हैं और 1980 तक इनकी संख्या 4.97 लाख तथा 1985 तक 7.30 लाख हो जायेगी। अत : इन 14 राष्ट्रीयकृत बैंकों के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए सेवा आयोग अति आवश्यक है।

इस सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि उन कार्यकारी अधिकारियों को स्थानीय भाषा का भी ज्ञान होना चाहिये। जैसे कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का विभिन्न राज्यों में स्थानान्तरण होने पर उन्हें दो वर्ष के अंदर माध्यमिक स्तर तक स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिये। साथ ही बैंक मैनेजर ग्रामीण लोगों के साथ ठीक व्यवहार भी नहीं करते हैं। इनके पास धन की शक्ति है और गावों से गरीब लोग ऋण के लिए इनके पास आते हैं। इसलिए इन लोगों को स्थानीय भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है।

बैंकिंग आयोग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि ऐसे लोगों को नियुक्त किया जाना चाहिये जो मेधावी हो और जिनकी इस कार्य में रूचि एवं प्रवृत्ति हो। प्रवृत्ति का तात्पर्य उन व्यक्तियों का सामाजिक परिवर्तन, समाजवादी उद्देश्यों तथा समय की जरूरतों के प्रति वचनबद्ध होना है, यह मूल तथ्य की सार्थकता के लिए आवश्यक है।

जहां एक अर्थशास्त्रियों, विशेषज्ञों आदि की नियुक्ति का सम्बन्ध है यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि इन विशेषज्ञों की अर्थव्यवस्था के बारे में भिन्न-भिन्न विचारधारायें हो सकती हैं। अतः इनके चयन में हमें यह ध्यान देना चाहिए कि हम विशेष प्रकार के अर्थशास्त्रियों का चयन करें जिनका सरकार की आर्थिक नीतियों में विश्वास हो।

बैंकों में जमा की जाने वाली रकम गिरती जा रही है। प्रत्येक बैंक शहरी क्षेत्रों में शाखाएं खोलना चाहता है किन्तु ग्रामीण जनता के स्तर को ऊंचा उठाने की बात वे नहीं समझते हैं। उन्हें ग्रामीण बैंक स्थापित करने की व्यापक योजना बनानी चाहिये। ग्रामीण बैंक का तात्पर्य 5000 से 20,000 आबादी के लिए एक प्राथमिक बैंक से है जो इनको ऋण सुविधाएं प्रदान करे।

हमारे देश के 80 प्रतिशत लोग गावों में रहते हैं जिनमें आदिवासी पिछड़े वर्गों, मुसलमान यदि वर्गों के लोग हैं और जब तक इन लोगों के जीवन स्तर को उठाया नहीं जाता है तब तक 14 बैंकों के राष्ट्रीयकरण की सार्थकता नहीं है।

विधेयक का समर्थन करते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि इन बैंकों के अलावा और भी जो बैंक हैं उन्हें भी बैंक सेवा आयोग के अन्तर्गत लाया जाना चाहिये।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : एक माननीय सदस्य ने यह आरोप लगाया है कि किसानों का शोषण करने के लिए बैंक प्रबन्धकों तथा बैंक कर्मचारियों के बीच सांठगांठ है। यह आरोप बिलकुल गलत है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ एक शक्तिशली संगठन है और बैंकों के कर्मचारियों ने ही बैंकों का राष्ट्रीयकरण होने से बहुत पहले राष्ट्रीयकरण का नारा दिया था और यह प्रत्येक बैंक कर्मचारी की जुबान पर था कि बैंकों का राष्ट्रीयकरण होना चाहिये। हम बार बार यही जोर देते रहे कि इन बैंकों को पूंजीपतियों और एकाधिकारियों के अधिकार से बाहर निकालिए क्योंकि ये बैंक इनके हाथ में अलादिन के चिराग की तरह हैं। वास्तव में बैंक कर्मचारी संघ के नेताओं का प्रबंधकों से संघर्ष होता रहा है। इसके विपरीत आई० एन० टी० यू० सी० से सम्बद्ध संघ ने हड़ताल तोड़ने का प्रयत्न किया। आपातकालीन स्थिति की घोषणा के बाद भी श्रम मंत्री द्वारा बुलाई गयी बैठक में बैंक कर्मचारी संघ ने समयोपरि भत्ते में 50 प्रतिशत कसौटी करने का स्वयं ही निर्णय लिया। क्या यह देश की भावना नहीं है ? हो सकता है कि कुछ लोग प्रबन्धकों से मिले हुए हैं जिसका आम आदमी, किसान आदि पर असर पड़ता है। इनके विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए।

बैंकिंग उद्योग की शिखर संस्था एक द्विपक्षीय संस्था है और श्रम मंत्री तो केवल उसके एक सहयोगी सदस्य हैं। यदि प्रबन्धक और कर्मचारी इकट्ठे बैठ सकते है और सारे मामलों पर निर्णय ले सकते हैं तो जैसे कि कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया हैं द्विपक्षीय संस्था क्यों होनी चाहिए ? हमने हर उद्योग चाहे वह कपड़े का हो अथवा चीनी का हो, द्विपक्षीय संस्था की मांग की है और जहां कहीं भी कर्मचारियों तथा प्रबन्धकों के बीच समझौता नहीं हो सका हमने मंत्री महोदय तथा सरकार से सहायता के लिए अनुरोध किया।

[श्री एस० एम० बनर्जी]

सीधी भर्ती का कोटा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 33 प्रतिशत किया गया है। किन्तु इससे गतिरोध बढ़ेगा और कर्मचारियों में काम करने का उत्साह कम होगा। रोजगार की दृष्टि से अच्छा यह है कि अधिक से अधिक बैंक खोले जायें। इसके अतिरिक्त उन बैंकों पर जिनका राष्ट्रीयकरण नहीं हुआ है समान नियम लागू होने चाहिये।

अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ ने हाल ही में यह आश्वासन दिया है कि वे अपनी पूरी योग्यता से लोगों की सेवा करेंगे। यदि किसी के विरुद्ध कोई शिकायत हो तो उसकी जांच की जानी चाहिए। मैं अंत में सरकार से दोबारा अनुरोध करना चाहता हूं कि हम केवल द्विपक्षीय संस्था ही चाहते हैं।

श्री पी० के० घोष (रांची) : मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं क्योंकि इससे भाई-भतीजा-बाद, पक्षपात और भ्रष्टाचार दूर होगा और उचित प्रकार के व्यक्तियों की भर्ती होगी।

अनुच्छेद 3(4) में यह व्यवस्था की गई है कि किसी राज्य और कुछ राज्यों के लिए एक क्षेत्रीय कार्यालय होना चाहिए जो केन्द्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना स्थापित अथवा समाप्त नहीं किया जायेगा। मेरा सुझाव है कि प्रत्येक राज्य में एक क्षेत्रीय कार्यालय होना चाहिए क्योंकि इससे सभी राज्य वालों को रोजगार का अवसर मिलेगा अन्यथा केवल स्थानीय लोगों को ही प्राथमिकता मिलेगी और अन्य लोग वंचित रह जायेंगे।

भारत सरकार ने सरकारी उपक्रमों में भर्ती सम्बन्धी जो नीति बनाई है वही बैंकों में भी लागू होनी चाहिए। यही कारण है कि बैंकों में पक्षपात और भाई-भतीजावाद चल रहा है। इनमें अनुसूचित जनजातियों के बहुत कम लोगों को रोजगार मिलता है। प्रत्येक अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में एक क्षेत्रीय बैंक होना चाहिए। जिससे उन्हें भी बैंकों में रोजगार मिल सके।

जहां तक अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जनजाति तथा अल्पसंख्यकों के रोजगार का सम्बन्ध है, इनका प्रतिशत बहुत कम है। यद्यपि इनके लिए विधेयक में आरक्षण की व्यवस्था है यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इनको उचित अवसर प्रदान किये जायें साथ ही अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति को भी आयोग का सदस्य बनाया जाना चाहिए और अल्पसंख्यकों के हितों के ध्यान में रखने के लिए अल्पसंख्यकों के समुदाय का भी एक व्यक्ति इस आयोग का सदस्य होना चाहिए क्योंकि अधिकांश मामलों में देखा गया है कि अल्पसंख्यकों को बैंकों में रोजगार प्राप्त करने के अवसर नहीं मिलते।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद कार्यकुशलता बहुत घटी है। ग्राहकों को तंग किया जाता है और उन्हें चैक का पैसा लेने के लिए घंटों इन्तजार करना पड़ता है। अतः बैंकों के कार्यकरण को सुचारू रूप से चलाया जाना चाहिए। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि बैंक के कर्मचारी ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार करें।

बैंकों में बहुत ज्यादा भ्रष्टाचार है, ऐसा बताया गया है कि ऋण स्वीकृत करने के लिए कुछ रुपया देना पड़ता है यहां तक कि बस के लिए ऋण स्वीकृत कराने के लिए 10,000 रुपया तक देना पड़ता है। इसी प्रकार मिनी बस के लिए ऋण लेने में भी रुपया देना पड़ता है। अतः यह आवश्यक है कि बैंकों के कार्यकरण के बारे में उचित सतर्कता बरती जानी चाहिए अन्यथा राष्ट्रीयकरण का सारा उद्देश्य अर्थहीन हो जायेगा।

मेरा सुझाव है कि रेलवे की तरह बैंकों को प्रत्येक शाखा में एक 'जनता की शिकायत की पुस्तक' होनी चाहिए और जब भी कोई शिकायत हो वह इस पुस्तक में दर्ज की जानी चाहिए और प्रबन्धकों को उस पर तत्परता से कार्यवाही करनी चाहिए। साथ ही वित्त मंत्रालय द्वारा नियुक्त एक सतर्कता दस्ता भी होना चाहिए जो शिकायत पुस्तक में दर्ज शिकायतों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि सतर्कता दस्ता बैंक द्वारा की गई कार्यवाही से संतुष्ट न हो तो उसे बैंक के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने के लिए लिखना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं विधेयक का समर्थन करता हूं

श्री कार्तिक उराँव (लोहारडगा) : महोदय मैं विधेयक का स्वागत करता हूं। मैंने हमेशा ही सरकारी क्षेत्र में सेवा आयोग का समर्थन किया है। अब तक का यह अनुभव रहा है कि सरकारी क्षेत्र के विभिन्न उपक्रमों में भर्ती पदोन्नति तथा बर्खास्तगी के बारे में एक जैसे नियम नहीं रहे हैं। बैंक सेवा का भी यही हाल रहा है। बैंकों में बैंक कर्मचारियों के बच्चों तथा रिश्तेदारों की अनसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों से भी अधिक संरक्षण मिलता रहा है। लगभग सभी बैंकों में पक्षपात भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार फैला हुआ है। अतः बैंककारी सेवा आयोग की रचना एक अच्छा कदम है। आशा है कि बैंकों में व्याप्त बुराइयां दूर की जायेंगी और जिस प्रयोजन के लिए 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया है वह पूरा होगा।

इस सम्बन्ध में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि आयोग के सदस्यों एवं सभापति का उचित चयन किया जाये और यह चयन राजनीतिक आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। उनमें निष्ठा, कुशलता होनी चाहिए और उन्हें सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। अतः उनकी नियुक्ति के बारे में पूरी सतर्कता बरती जानी चाहिए। क्योंकि साधन का ठीक होना साध्य से भी अधिक महत्वपूर्ण है। विधेयक के खण्ड 4(2) में आयोग के सदस्यों और सभापति की नियुक्ति के बारे में योग्यता आदि सम्बन्धी जो शर्तें हैं उनसे अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों का लिया जाना अप्रत्यक्षरूप से अलग रखा गया है सभापति बनने का तो प्रश्न पैदा ही नहीं होता है। अतः उनकी योग्यता, निष्ठा आदि के अतिरिक्त इस बात का भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि उनमें समाज के कमजोर वर्गों को उठाने की भावना भी हो जिससे कि वे निचले स्तरों पर अल्पसंख्यकों तथा अन्य वर्गों के लोगों को भी नियुक्त करें। किन्तु यह सुनिश्चित करना कठिन है कि उनकी वास्तव में ऐसी भावना है। अतः मेरा सुझाव है कि खण्ड 4(2) में बैंककारी सेवा आयोग में तथा प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में अनसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग का एक सदस्य नियुक्त किया जाना चाहिए। यह सदस्यों की संख्या बढ़ाकर भी किया जा सकता है। किन्तु अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्य के चयन में भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। वह ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो अपनी जाति के प्रति जागरूक हो।

यद्यपि इस विधेयक में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षण की व्यवस्था है किन्तु मुझे विश्वास है कि खण्ड 4(2) में संशोधन किये बिना यह क्रियान्वित नहीं होगा जीवन बीमा निगम में ऐसा हुआ है। अनुसूचित जनजाति का एक सदस्य तिवेन्द्रम

[श्री कार्तिक उरांव]

में नियुक्त किया गया किन्तु अन्ततः उसे कार्यभार लेने नहीं दिया गया और दूसरे प्रभाग से एक व्यक्ति नियुक्त किया गया। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण सम्बन्धी समिति के ध्यान में यह लाया गया कि डाक और तार विभाग में प्रथम श्रेणी के एक पद पर अनुसूचित जनजाति का एक गलत व्यक्ति नियुक्त किया गया जिसकी बाद में जांच करने पर यह बात सत्य पायी गई। इसी प्रकार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा बिहार की दो लड़कियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई जब कि वे वास्तव में अनुसूचित जनजाति की नहीं थीं।

इन बुराइयों को दूर तभी किया जा सकता है जब आयोग में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों का एक सदस्य हो अतः विधेयक में इसके लिए व्यवस्था होनी बहुत महत्वपूर्ण है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अनसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित कोटा पूरा भरा जाता है।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण से अनुसूचित जनजातियों के लोगों को कोई लाभ नहीं पहुंचा है। अतः मेरा सुझाव है कि आदिवासी क्षेत्रों में क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किये जायें तथा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों को नीति निर्धारण निकाय से सम्बद्ध किया जाना चाहिए; जब तक इस सुझाव को कार्यरूप नहीं दिया जाता तब तक आयोग की स्थापना सरकार की मान्य नीतियों के अनुरूप नहीं होगी।

आयोग को प्रधान मंत्री के 20 सूत्रीय कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए स्पष्ट रूप से मुख्य भूमिका निभानी चाहिए। इसे इस ढंग से कार्य करना चाहिए ताकि यह देश के अन्य वर्तमान सेवा आयोगों के लिए आदर्श तथा प्रेरणा का स्रोत बन सके। इन शब्दों के साथ मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री डी० वसुपतारी (कोकराझार) : मैं मंत्री महोदय को इस विधेयक को लाने के लिए बधाई देता हूं। सरकार ने सभी बैंकों तथा सरकारी उपक्रमों की जांच करने के लिए एक समिति नियुक्त की है। इस समिति ने जब एयर इंडिया की सर्व प्रथम जांच की तो उसके सभापति का हमारे प्रति जो दृष्टिकोण था उससे हमें उनसे कहना पड़ा कि उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि वे राष्ट्रीय सरकार के अधीन काम कर रहे हैं। कई बैंक जो पहले आरक्षण के पक्ष में नहीं थे, बाद में हमारे कहने पर सिद्धान्त रूप में आरक्षण के लिए सहमत हुए। पर इसके बाद उपयुक्त उम्मीदवार न मिलने का बहाना बनाया जाने लगा। लेकिन प्रत्याशियों की कोई कमी नहीं है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में अच्छी शैक्षणिक योग्यता वाले प्रत्याशियों की कमी नहीं है। पर मुझे पता चला है कि अनुसूचित जाति में एम० ए० प्रथम श्रेणी के प्रत्याशी भी बैंकों में नहीं लिए जाते और कहा जाता है कि वे इस नियुक्ति के लिए उपयुक्त नहीं हैं। यह अच्छी प्रवृत्ति नहीं है।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए इस समय देश में चार पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा/भारतीय पुलिस सेवा परीक्षा केन्द्र चल रहे हैं। इससे इन लोगों की कार्यक्षमता बढ़ी है और अब वे भा० प्रा० सेवा/भा० पु० सेवा परीक्षाओं में बेहतर योग्यता का प्रदर्शन कर रहे हैं। पर इस जाति के विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा नहीं मिल पाती। वे अपने बच्चों को पब्लिक स्कूलों में नहीं पढ़ा सकते हैं। इसलिये वे पब्लिक स्कूलों में पढ़े के आये हुए छात्रों के साथ कैसे मुकाबला कर सकते हैं। अतः हमने सभी विभागों और सरकारी क्षेत्र के संगठनों को कहा है

कि वे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशियों के लिए पृथक् परीक्षा की व्यवस्था करें। अब नियुक्ति करने वाले अधिकारियों ने इस सुझाव को मान लिया है। पर बैंकों में अभी यह व्यवस्था नहीं है। मैं आशा करता हूं कि बैंकिंग संस्था की इस नियम का अनुपालन करेगी। मंत्री जी यह सुनिश्चित करें कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षित पदों पर तीन वर्ष की अवधि में इन जातियों की नियुक्तियां हो जायें।

मेरा दूसरा सुझाव यह हैं कि संशोधन विधेयक के खण्ड 4(1) में रूपभेद किया जाये और कुल 8 सदस्यीय आयोग में दो सदस्य अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में से शामिल किये जायें। संघ लोक सेवा आयोग में भी एक सदस्य अनुसूचित जाति का और एक अनुसूचित जनजाति का है। आशा है कि यह आयोग भी इस उदाहरण का अनुकरण करेगा।

राष्ट्रीयकृत बैंक अनुसूचित जातियों और जनजातियों के उम्मीदवारों को उनके लिए आरक्षण के अनुरूप भर्ती करने के पीछे रह गये है। इस सम्बन्ध में दो या तीन वष की अवधि निश्चित की जानी चाहिए जिसके भीतर बैंकों में सभी आरक्षित पदों पर नियुक्ति सम्बन्धी दायित्व पूरा किया जाना चाहिये।

प्रो० नारायण चन्द्र पराशर (हमीरपुर) : इस चिरपरीक्षित विधेयक को लाने के लिए मैं उपमंत्री का धन्यवाद करता हूं। अप्रैल, 1972 में 206 संसद् सदस्यों ने लिखा था कि बैंकों में भर्ती नीति का अध्ययन करने के लिए एक संसदीय समिति नियुक्त की जाये। अब उनकी आवाज सुनी गई है, इस आयोग की नियुक्ति से भर्ती सम्बन्धी कुछ स्वस्थ परम्परायें स्थापित होंगी।

बैंककारी आयोग ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि भारतीय बैंकों द्वारा क्लर्कों की भर्ती के सम्बन्ध में पहले जो नीतियां अपनाई जाती थी उनका वैज्ञानिक आधार नहीं था चयन के समय योग्यता और क्षमता का उचित मूल्यांकन नहीं होता था। भर्ती के मामलों में प्रायः रिश्तेदारी, जाति, सगुदाय और सिफारिश का बोलबाला होता था। वर्ष 1969 और 1972 के बीच राष्ट्रीयकृत बैंकों में लगभग 85,000 व्यक्तियों की भर्ती बिना किसी प्रतियोगी परीक्षा तथा सामान्य भर्ती नियमों के आधार पर की गई है। क्या इस प्रक्रिया को बदला जायेगा? यदि नहीं तो आपका उन स्नातकों के प्रति क्या जवाब है जिनका बैंक में कोई रिश्तेदार नहीं है और उनके पास उपयुक्त 'योग्यतायें' नहीं हैं। यह एक गम्भीर प्रश्न है।

मेरा सुझाव है कि बैंकों में नौकरी के लिए अंग्रेजी को अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए। इसकी अपेक्षा क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान जरूरी होना चाहिए क्योंकि बैंकों के अधिकांश ग्राहक अंग्रेजी से परिचित नहीं होते और केवल क्षेत्रीय भाषाएं बोलते हैं। इसके अलावा आज देश में अनेक स्कूल ऐसे हैं जिनमें छात्रों को अंग्रेजी नहीं पढ़ाई जाती और वे राष्ट्रीयभाषाओं में परीक्षाएं पास करके आते हैं। उन्हें इस आधार पर अयोग्य घोषित न किया जाये कि वे अंग्रेजी नहीं जानते।

अनसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के लिये पृथक् परीक्षा लेने की व्यवस्था की जानी चाहिए अन्यथा उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिलने की आशा नहीं की जा सकती है। इन जातियों के लोगों को द्रुत कार्यक्रम के आधार पर बैंकों में रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण

[प्रो० नारायण चन्द्र पराशर]

केन्द्र खोले जाने चाहिए जैसा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस की परीक्षा के सम्बन्ध में किया जाता है । कमजोर वर्गों को भी बैंकों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले इसके लिये सक्रिय कदम उठाये जाने चाहिए जिससे कि वे यह महसूस करें कि उन्हें अपना उचित प्रतिनिधित्व प्राप्त हो रहा है ।

एक माननीय सदस्य ने बताया है कि एक बहुत ऊंचे पद वाला अधिकारी आनन्द मार्ग से सम्बन्धित है । ऐसे अधिकारी को नौकरी से हटाने में आपके सामने क्या कठिनाई है ? आपने उसके खिलाफ क्या कायवाही की है ? कानून के अधीन ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए । यदि किसी व्यक्ति का सम्बन्ध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ या आनन्द मार्ग जैसे प्रतिबन्धित संगठनों से है तो उसे आयोग का सदस्य बनने से वंचित रखा जाये । आयोग का उन ईमानदार व्यक्तियों को ही सदस्य बनाया जाये जो 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम के प्रति वचनबद्ध हैं ।

विधेयक में व्यवस्था है कि बैंककारी आयोग के आधे सदस्य बैंक उद्योग के होंगे । यदि आप चयन के लिए विशेषज्ञों को सम्बद्ध करना चाहते हैं तो उन्हें सलाहकार के रूप में लिया जा सकता है । पर यह दलील कि वे ही लोग, जिनका बैंककारी संस्थाओं से सम्बन्ध है, बैंकों के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन कर सकते हैं, ठीक नहीं है, विशेषकर उन परिस्थितियों में जो कि आज बैंकों में व्याप्त हैं जहां जाति, समुदाय, रिश्तेदारी आदि के आधार पर चयन हो रहा है । यह उपबन्ध अवांछनीय है । इसे यथाशीघ्र हटा दिया जाना चाहिए ।

भूतपूव सैनिकों के लिए क्या व्यवस्था की गई है ? अब उन्हें 'अन्य वर्ग' में शामिल किया गया है । उन्हें भी विशिष्ट वर्ग में रखा जाना चाहिए । तथा अनुसूचित जातियों की भांति उनके लिए भी बैंकों में पद आरक्षित किये जाने चाहिए ।

यह भी कहा गया है कि विधेयक के उस खण्ड को समाप्त कर दिया जाये जिसमें अनुकम्पा के आधार पर रोजगार देने की व्यवस्था है । पर इसे हटाया नहीं जाना चाहिए । यदि बैंककारी विभाग के किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसके पुत्र या पुत्री को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाना चाहिए । यहां 'मृत्यु' के अलावा "स्थायी अशक्तता" शब्द भी जोडे जाने चाहिए ।

मैं इस तथ्य पर बल देना चाहता हूं कि भारत के प्रत्येक राज्य का बैंककारी ढांचे में अपना क्षेत्र होना चाहिए । जब उसकी अपनी विधान सभा है, उच्च न्यायालय है, लोक सेवा आयोग है तो उसका अपना क्षेत्रीय बैंककारी कार्यालय भी होना चाहिए ।

बैंकों के पदों में स्थानीय लोगों को समुचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए । प्रत्येक पद के लिए अखिल भारतीय संवर्ग नहीं बनाया जाना चाहिए । भर्ती सम्बन्धी नीति में कुछ इस प्रकार का परिवर्तन होना चाहिए कि स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले ।

बैंकों में जो भर्ती की जाये उसके बारे में प्रति वर्ष इस सभा को रिपोर्ट किया जाये, जिसमें बैंकों के कर्मचारियों के राज्यवार आंकड़े भी दिये जायें जिससे कि जनता और उसके प्रतिनिधियों को इस बात का पता चल सके कि उनके राज्य के लोगों की बैंकों में भर्ती की गई है तथा भर्ती करने की पिछली परम्परा सदा के लिये खत्म कर दी गई हैं ।

Shri Ram Hedaoo (Ramtek): I welcome this Bill. The banking industry had been under the control of capitalists in this country. Bank deposits were also utilized by these capilalists for their own purposes. They employed their own kith and kin in banks. This bill is important because it aims at changing that position.

Appointments in the banks are made by calling lists of name of candidates from the employment exchanges. Employment Officers include in these lists the names of the persons in whom they are interested. Authorities in the banks are also in collusion with the employment officers. Such malpractices should not be allowed after this Bill is passed.

Social and political workers should be given representation in the Banking Service Commission. The representatives of sheduled tribes should be included in the Commission. Economic experts along with the persons from banking industry should also be there. Commissions should also be set up on regional basis. Bank employees should be imparted training in public dealing.

Deputy Minister in the Ministry of Finance (Shrimati Sushila Rohtagi): There cannot be two opinions that the nationalized banks have to play an important role in the economic structure of our country. Before nationalization, banks concentrated their attention on industry, business and commerce. They paid no attention to the needs of rural areas. Since nationalization, activities of banks have expanded considerably. The number of branches of banks have increased from 8 thousand to 18 thousand during the period of six years. It is gratifying that about 50 per cent of the new branches have been opened in rural areas. There is need to open more branches in those areas where banking facilities are not available. These facilities are needed more in the backward areas. Special attention will be paid to their needs.

It is not enough that more and more branches are opened. Sense of devotion to duty among those operating the banks is of utmost importance. It is with a view to inculcating sense of devotion to duty and increasing efficiency of the bank employees that training of employees of nationalized banks on a regular basis has been taken in hand. More and more employees are being trained each year. The number of officers and staff receiving training has been going up from year to year. 21,704 officers and 34,499 clerks will receive training during 1975.

The Banking Service Commission will basically be modelled on the pattern of the U.P.S.C. and in accordance with the recommendations of the Planning Commission. The employment needs of the people belonging to S.C. and S.T. will also be kept in view. The suggestions made by honourable Members in regard to working, composition etc., of the Commission will receive due consideration.

It is proposed to make only 25 per cent dircet recruitment through the Banking Service Commission with the object of inducting fresh blood in the banks. It does not mean that the chances of promotion of class III and class IV employees will be affected. It is hoped that this Bill will help in the efficient functioning of nationalized banks and we will be able to acheive the objectives with which we have nationalized the banks.

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि कतिपय बैंककारी संस्थाओं और पदों पर नियुक्तियों के लिए कार्मिकों के चयन के लिये आयोग की स्थापना का और उससे सम्बन्धित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 2

सभापति महोदय : अब हम खण्डवार विचार आरम्भ करेंगे । खण्ड 2 पर संशोधन है, संशोधन संख्या 3 और 4 ।

संशोधन किये गये :

पृष्ठ 2, पंक्ति 15,-- " constituted under', (के अधीन गठित)

के स्थान पर "as defined in " (में यथा परिभाषित) **प्रतिस्थापित किया जाये** (संख्या 3) ।

पृष्ठ 2

पंक्ति 16 **के पश्चात्**

'(hh)' "regulation means regulation made under this Act ("विनिमय' से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये विनियम अभिप्रेत है) **अन्तःस्थापित किया जाये** (सं० 4)

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 2, संशोधित, रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 2, as amended, was added to the Bill.

खण्ड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 3 was added to the Bill

खण्ड 4

सभापति महोदय : खण्ड 4 पर संशोधन सं० 5, 6 और 7 हैं ।

संशोधन किये गये :

पृष्ठ 2, पंक्ति 41,—

" or any other matter " (या किसी अन्य विषय) **के स्थान पर**

"or in any other matter" (या किसी अन्य विषय में) **प्रतिस्थापित** किया जाये (सं० 5) ।

पृष्ठ 2, पंक्ति 45,—

"experience of" (का अनुभव) के **स्थान पर**

"such experience for" (के लिये ऐसा अनुभव **प्रतिस्थापित** किया जाये (सं० 6) ।

पृष्ठ 3, पंक्ति 3,—

"This Section" (इस धारा) **के पश्चात्** "and of section 5"

(और धारा 5) **अन्तःस्थापित** किया जाये (सं० 7) ।

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 4, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

खण्ड 4, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 4, as amended, was added to the Bill

खण्ड 5 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 5 was added to the Bill

खण्ड 6

सभापति महोदय : अब हम खण्ड 6 लेते हैं । मंत्री महोदय का एक संशोधन है, संख्या 8 विधेयक में बहुत अधिक संशोधन है ।

संशोधन किया गया :

पृष्ठ 4, पंक्ति 13,—

"functioning as" (के रूप में कृत्य करने पर) **के पश्चात्**

"the Chairman or" (अध्यक्ष या) **अन्तःस्थापित** किया जाये (सं० 8) ।

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय: प्रश्न यह है

"कि खण्ड 6, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 6, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 6, as amended, was added to the Bill

खण्ड 7

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 7 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 7 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 7 was added to the Bill

खण्ड 8 और 9 विधेयक में जोड़ दिये गये

Clauses 8 and 9 were added to the Bill

खण्ड 10

सभापति महोदय : इस खण्ड पर एक संशोधन है ।

संशोधन किया गया :

पृष्ठ 5,—

पंक्ति 19 से 24 **के स्थान पर** यह **प्रतिस्थापित** किया जाये (सं 9)

"Duty of Commission to hold competitive examinations for appointment to posts in public sector banks.

10(i) It shall be the duty of the Commission to conduct examinations for appointments in each public sector banks to—

(a) posts in the clerical and allied cadres and the Junior Officers' cadre, and

(b) such other posts of, or posts in the cadre of, officers as the Central Government may, by notification, specify."

[पब्लिक सेक्टर बैंकों में नियुक्ति के लिए प्रतियोगिता परीक्षाएं संचालित करने के लिए आयोग का कर्तव्य

10 (1) आयोग का कर्तव्य प्रत्येक पब्लिक सेक्टर बैंक में—

(क) लिपिकिय और सहबद्ध काडर और कनिष्ठ अधिकारी काडर के पदों पर, तथा

(ख) अधिकारियों के ऐसे अन्य पदों या उनके काडर में ऐसे पदों पर, जिन्हें केन्द्रीय सरकार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे,,

नियुक्तियों के लिये परिक्षाओं का संचालन करना होगा ।]

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 10, में संशोधित रूप, में विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 10, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गय

Clause 10, as amended, was added to the Bill

खण्ड 11 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 11, was added to the Bill

खण्ड 12

सभापति महोदय खण्ड 12 पर संशोधन हैं।

संशोधन किया गया :

पृष्ठ 5,—

पंक्ति 34 से 44, के स्थान पर यह प्रतिस्थापित किया जाये (सं० 10) ।

"Duty of public sector bank to communicate to the Commission of number of vacancies.

12. It shall be the duty of every public sector bank to communicate to the Commission—

(a) all the vacancies in the clerical and allied cadres, or in such other post or cadre as may be specified by the Central Government under section 10, and

(b) twenty-five per cent of the estimated total number of vacancies in the junior officers' cadre.

which are likely to occur during the unexpired portion of the calendar year in which this Act comes into force and thereafter, as soon as may be, after the commencement of each calendar year:

Provided that, in relation to the junior officers' cadre, the Central Government may, if it is of opinion that it is necessary so to do in the interests of the public sector banks, by notification, raise the percentage of vacancies to be communicated to the Commission to thirty-three and one-third per cent.".

(आयोग को रिक्तियों की संख्या संसूचित करने के लिए पब्लिक सेक्टर बैंकों का कर्तव्य ।

12. प्रत्येक पब्लिक सेक्टर बैंक का यह कर्तव्य होगा कि वह आयोग को—

(क) लिपिकीय और सहबद्ध काडरों में या ऐसे अन्य पद या काडर में, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा धारा 10, के अधीन विनिर्दिष्ट किये जायें, वे सभी रिक्तियां, और

(ख) कनिष्ठ अधिकारियों के काडर में अनुमानित रिक्तियों की उस कुल संख्या की पच्चीस प्रतिशत रिक्तियां,

संसूचित करेगा, जो उस कलैण्डर वर्ष के, जिसमें यह अधिनियम प्रवृत्त होता है, अनवसित प्रभाग के दौरान सम्भाव्य हैं और उसके पश्चात प्रत्येक कलैण्डर वर्ष के आरम्भ के पश्चात् यथाशीघ्र, उस कलैण्डर वर्ष के दौरान सम्भावित रिक्तियां संसूचित करेगा।

परन्तु कनिष्ठ अधिकारियों के काडर के संबंध में, यदि केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि पब्लिक सेक्टर बैंकों के हित में ऐसा करना आवश्यक है तो वह अधिसूचना द्वारा आयोग को संसूचित की जाने वाली रिक्तियों के उक्त प्रतिशत को तैंतीस सही एक बटा तीन प्रतिशत तक बढ़ा सकेगी।)

पृष्ठ 6,—

Omit Lines 1 to 4

(पंक्ति 1 से 4 का **लोप,** किया जाये) (सं 11)

पृष्ठ 6,—

पंक्ति 10 के **पश्चात्** यह **प्रतिस्थापित** किया जाये (सं 12)

"*Explanation.*—In this Act, the expression "Vacancy" includes a newly created post which has not been filled in."

(**स्पष्टीकरण**— इस अधिनियम में "रिक्त" अभिव्यक्ति में वह नवनिर्मित पद शामिल है जो भरा नहीं गया है।)

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 12, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 12 , संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 12 as amended, was added to the Bill

खण्ड 13

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 13 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

खण्ड 13, विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 13 was added to the Bill

खण्ड 14 विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 14 was added to the Bill

खण्ड 15

सभापति महोदय : इस खण्ड पर संशोधन है ।

संशोधन किया गया

पृष्ठ 6, पंक्ति 43,—

"Communicated" (संसूचित) **के स्थान पर** "requires to be communicated" (संसूचित की जानी है)

प्रतिस्थापित किया जाये (सं 13),

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 15, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने" ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।
The motion was adopted

खण्ड 15, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया
Clause 15, as amended, was added to the Bill

खण्ड 16

सभापति महोदय : खण्ड 16 पर संशोधन है ।

संशोधन किया गया :

पृष्ठ 7, पंक्ति 8,–

"other" (अन्य) का **लोप** किया जाये (सं 14)

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 16, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ
The motion was adopted

खण्ड 16, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया
Clause 16, as amended, was added to the Bill

खण्ड 17–28

सभापति महोदय : खण्ड 17 से 28 पर कोई संशोधन नहीं हैं, मैं इन्हें मतदान के लिए रखूंगा। प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 17 से 28 विधेयक के अंग बनें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 17 से 28 विधेयक में जोड़ दिये गये।

Clause 17 to 28 were added to the Bill

खण्ड 29

सभापति महोदय : खण्ड 29 पर संशोधन है।

संशोधन किया गया :

पृष्ठ 9, पंक्ति 25,—

"1974' के स्थान पर "1975" प्रतिस्थापित किया जाये (सं० 15)

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 29, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 29, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 29, as amended, was added to the Bill

खण्ड 30 से 33

सभापति महोदय : खण्ड 30 से 33 पर कोई संशोधन नहीं है। मैं इन्हें मतदान के लिए रखूंगा। प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 30 से 33 विधेयक के अंग बनें।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 30 से 33 विधेयक में जोड़ दिये गये

Clause 30 to 33 were added to the Bill

खण्ड 1

सभापति महोदय : खण्ड 1 पर संशोधन है ।

संशोधन किया गया :

पृष्ठ 1, पंक्ति 6,—

"1974" के **स्थान पर** "1975"

प्रतिस्थापित किया जाये (सं० 2)

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 1, संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया

Clause 1, as amended, was added to the Bill

अधिनियमन सूत्र

सभापति महोदय : अधिनियमन सूत्र पर संशोधन है ।

संशोधन किया गया :

पृष्ठ 1, पंक्ति 1,—

Twenty Fifth" (पच्चीसवां) के **स्थान पर**

Twenty Sixth" (छब्बीसवां) **प्रतिस्थापित** किया जाये (सं० 1)

(श्रीमती सुशीला रोहतगी)

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"अधिनियमन सूत्र, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

अधिनियमन सूत्र, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया

The enacting Formula, as amended, was added to the Bill

विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिया गया

The title was added to the Bill

श्रीमती सुशीला रोहतगी : मैं प्रस्ताव करती हूं

"कि विधेयक, संशोधित रूप में पारित किया जाये ।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक संशोधित रूप में पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

कर्मचारी राज्य बीमा (संशोधन) विधेयक

EMPLOYEES STATE INSURANCE (AMENDMENT) BILL

श्रम मंत्री (श्री रघुनाथ रेड्डी) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 का और संशोधन करने और भारतीय दण्ड संहिता की धारा 405 में उससे संसक्त स्पष्टीकारक उपबन्ध समाविष्ट करने वाले विधेयक पर, राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में, विचार किया जाये ।"

कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 में अन्य बातों के साथ-साथ कर्मचारियों को अस्वस्थता, प्रसूति तथा काम के दौरान लगी चोट और इनसे सम्बद्ध अन्य मामलों में कुछ लाभ देने की व्यवस्था है । इस अधिनियम के अन्तर्गत बीमा-शुदा व्यक्तियों के परिवारों को उत्तरोत्तर चिकित्सा सुविधा दी जा रही है । यह अधिनियम आखीरी बार 1966 में संशोधित किया गया था । कर्मचारी राज्य बीमा योजना समीक्षा समिति, 1966 तथा प्राक्कलन समिति ने इस अधिनियम में और संशोधन करने की कई सिफ़ारिशें की हैं, जो विचाराधीन हैं । पर इस समय मैं कुछ बहुत ही जरूरी किस्म के प्रस्ताव इस विधेयक में संशोधन करने हेतु, इस सभा के समक्ष लाया हूं ।

यह अधिनियम बिजली-चालित उन सभी गैर-मौसमी कारखानों पर लागू होता है जिनमें 20 या उससे अधिक व्यक्ति काम करते हैं । इस समय वे ही व्यक्ति इस अधिनियम के उपबन्धों के अन्तर्गत आते हैं जिनकी मजदूरी 500 रु० से अनधिक है । पर यह सीमा बहुत कम है । इस सीमा में वृद्धि करने की जरूरत है । कर्मचारी राज्य बीमा योजना पुनर्विलोकन समिति, 1966 ने भी मजदूरी की सीमा बढ़ाकर 1000 रु० करने की सिफ़ारिश की है ताकि 1000 रु० वेतन पाने वाले कर्मचारी भी इसका लाभ उठा सकें । इस सिफ़ारिश को कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्वीकार कर लिया है । मजदूरी सीमा में इसके अनुरूप ही वृद्धि करने का प्रस्ताव है ।

इस प्रस्तावित वृद्धि के फलस्वरूप अधिनियम की प्रथम अनुसूची में अंशदान और लाभ की तालिका में संशोधन करना होगा । कर्मचारियों के अंशदान की छूट के लिए मजदूरी सीमा बढ़ा दी गई है । अब 1.50 रु० की बजाय 2.00 रु० प्रति दिन मजदूरी पाने वाले कर्मकारों को अंशदान से छूट होगी ।

[श्री रघुनाथ रेड्डी]

इस अधिनियम में जो शास्तिक उपबन्ध है वे कारगर सिद्ध नहीं हुए हैं। मालिकों से वसूल की जाने वाली बकाया रकम बढ़ती जा रही है। इस वद्धि की इस सदन में और बाहर आलोचना हुई है। अंशदान की अदायगी न करने पर अधिक कठोर दण्ड की व्यवस्था इस विधेयक में की जा रही है।

1952 में दिल्ली और कानपुर दो केन्द्रों में आरम्भ की गई इस योजना के अन्तर्गत केवल 1.5 लाख कर्मकार थे। अब इसके 376 केन्द्र हैं तथा 49.17 लाख कर्मकार इसके अन्तर्गत आते हैं। अब बीमाशुदा व्यक्तियों समेत 1 करोड़ 90 लाख व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

निगम ने हाल ही में इस योजना को कुछ नये क्षेत्रों में लागू करने का भी निश्चय किया है। यह कार्य पांच वर्ष की अवधि में चरणबद्ध रूप से पूरा किया जायेगा। 1974–75 में इन क्षेत्रों में लगभग $1\frac{1}{2}$ लाख कर्मकार इस योजना के अन्तर्गत लाये गये हैं। आशा है 1975–76 में यह संख्या 3 से 4 लाख तक पहुंच जायेगी। राज्य सरकारें कर्मचारी राज्य बीमा निगम की सलाह से इस योजना को बैंकों, बीमा कम्पनियों, खानों, बागानों से भिन्न रोजगार के नये क्षेत्रों में लागू करने का प्रयास कर रही हैं। इस योजना का बैंकों, बीमा कम्पनियों, खानों और बागानों पर अगले चरण में लागू किया जायेगा।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत है :

> "कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 का और संशोधन करने और भारतीय दण्ड संहिता की धारा 405 में उससे संसक्त स्पष्टीकारक उपबन्ध समाविष्ट करने वाले विधेयक पर, राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में, विचार किया जाये।"

डा० रानेन सेन (बारासाट) : मैं विधेयक का स्वागत करता हूं। श्रमिक वर्ग ऐसे विधेयक की पिछले 10 वर्षों से मांग करता आया है, जो कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना का लाभ पहुंचाने में वास्तविक रूप से सहायक सिद्ध हो। लेकिन इस संशोधी विधेयक से श्रमिकों को इतना संतोष और लाभ नहीं होगा और न ही इससे पूर्ण संशोधन की उनकी मांग ही पूरी होगी। प्राक्कलन समिति तथा कुछ अन्य निकायों ने इसमें संशोधन के सुझाव दिये हैं। लगभग दो वर्ष पहले कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्वयं कुछ सुझाव दिये थे। पर सरकार ने उन्हें अभी तक स्वीकार नहीं किया है। इनमें से कुछ सुझाव इस विधेयक में भी शामिल नहीं किये गये हैं। फिर भी मैं कहूंगा कि मंत्री जी ने यह विधेयक पेश करके एक निर्भीक कदम उठाया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। 1000 रु० तक का वेतन पाने वाले व्यक्ति कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अन्तर्गत लाये जायेंगे। इससे श्रमिकों की अनेक शिकायतें दूर हो जायेंगी।

विधेयक के खण्ड 4 द्वारा अधिनियम की धारा 85 का संशोधन करने का प्रस्ताव है। इस संशोधन से यह उपबन्ध किया जा रहा है कि कर्मचारियों के वेतन से काटे गये अंशदान की राशि मालिकों द्वारा जमा न किये जाने पर 6 मास तक की सजा दी जा सकेगी पर यह सजा तीन मास से कम नहीं होगी। यह एक निर्भीक उपबन्ध है तथा सामयिक और उचित है। इस खण्ड के दूसरे उपबन्ध भी सराहनीय हैं पर इसका परन्तुक अनावश्यक है। यह उक्त उपबन्ध के बिल्कुल विपरीत है। इसकी कानूनी जटिलताएं क्या होंगी ? मंत्री जी इसे स्पष्ट करें।

नई धारा 85-ग इस अधिनियम में जोड़ी जा रही है जिसके अनुसार नियोजक अंशदान की बकाया राशि अदा करने पर मुक्ति पा सकेगा। इसके लिए जुर्माने की व्यवस्था क्यों नहीं की गई ?

इन सब बातों के होते हुए भी यह एक बहुत अच्छा विधेयक है जो सरकार के निर्भीक कदमों का द्योतक है। आशा है कि श्रमिक वर्ग इसका स्वागत करेगा।

Shri Ram Singh Bhai (Indore): The Employees State Insurance Scheme was introduced in 1948. We were very happy because we thought that Government had taken over a very big responsibility. It is indeed a very good scheme. The workers got several amenities and benefits under this scheme. They get medical leave with pay, medical care is intended to their family, accident benefits are available to them. But unfortunately it has not been properly implemented. The Labour Ministry has shown carelessness in regard to its implementation.

The contribution of the workers has been raised, but the responsibility of proper implementation of the scheme has not been entrusted to a single body. On the one hand there is Benefit Council in the corporation and on the other the administration thereof is the responsibility of the State Government. There also the labour and Health Departments share this responsibility. But in the absence of proper coordination between these departments there is mismanagement in the hospitals.

Under this scheme, good hospitals had been set up in the beginning. But today we find that these hospitals are without doctors. Even medicines are not available there. An ailing worker has to go to private doctor for treatment. Therefore, there is great need for improving the working of this scheme.

It is very unfortunate that the amount of contribution deducted from the workers' wages has not been deposited with the Government. Still, no action has been taken against the defaulting employers. No doubt, there is a provision of six months' imprisonment for default, but not a single factory owner has been sent to jail since 1949.

In case the owners do not deposit the amount deducted from the salaries of workers with the Government, it is the workers who are deprived of the benefits under this scheme. Then, what is the use of such a scheme? If there has been no such scheme, the workers would have settled the matter with the owners in the open field. The workers are being befooled. It is high time that the Labour Department takes some concrete steps to see that the workers are not deprived of the benefits to which they are entitled to under this scheme. After all, it is the Labour Department which is responsible for the welfare of the workers.

My submission is that all these labour laws and schemes formulated for the benefit of the workers should be strictly implemented and it should be ensured that these poor people receive due benefit of these schemes. Time and again, I have been requesting the concerned departments on their related issues, but the only reply received is that 'the matter is under consideration'

The Government have a proposal for labour participation. But this will also meet the same fate. Only a few persons will be benefited and most of the workers will not get anything. Without direct contact with the workers, there is exploitation by the agents functioning as middlemen between the Government and workers.

[Shri Ram Singh Bhai]

So far as this Bill is concerned, it is very controversial one. This small amendment will not serve the purpose. There is need to amend all the other relevant labour laws. Such as the Labour Compensation Act and the Payment of Wages Act. So long as this is not done, the workers are not going to be benefited much by the Prime Minister's 20-point programme.

श्री बी० आर० शुक्ल (बहराइच) : मैं इस संशोधी विधेयक का स्वागत करता हूं। बहुत से मिल मालिक कर्मचारियों के वेतन और मजदूरी से अंशदान काटते आ रहे हैं पर वे उस रकम को कई वर्षों तक उनके खाते में जमा नहीं करते हैं। इस सम्बन्ध में कानूनी कठिनाई यह है कि ऐसे मामलों को इस अधिनियम के अधीन तब तक न्यायालय में नहीं ले जाया जा सकता है जबतक कि क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त उनकी लिखित रूप में शिकायत नहीं करता। हमारा समाज अब भी निहित स्वार्थों और मिल-मालिकों से प्रभावित है। बड़े-बड़े अधिकारी भी इस नये मामलों में उनसे मिले रहते हैं। इस नये विधेयक के उपबन्ध के अनुसार अब चूक करने वाले मिल मालिकों को अनिवार्यतः तीन मास के लिये जेल जाना पड़ेगा। जुर्माना तो देना ही पड़ेगा।

इस विधेयक में एक अन्य सराहनीय उपबन्ध किया जा रहा है। इसके खण्ड 9 में व्यवस्था है कि कोई व्यक्ति यदि कर्मचारी के वेतन से काटे गये अंशदान की रकम को कर्मचारी के भविष्य निधि खाते में जमा करने में असफ़ल रहता है तो यह माना जायेगा कि उसने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 405 के अन्तर्गत अपराध किया है। अर्थात् इस प्रकार का कृत्य धन के 'गोलमाल' का अपराध माना जायेगा।

श्री एच० के० एल० भगत पीठासीन हुए

[SHRI H. K. L. BHAGAT *in the Chair*]

इस दिशा में इस नये खण्ड का अन्तःस्थापन एक उचित कदम है। परन्तु धारा 405 के अन्तर्गत जो अपराध है वही अपराध धारा 85 के अन्तर्गत भी है अर्थात् एक ही कार्य के लिए अधिनियम के अन्तर्गत दो अपराध हो रहे हैं और एक ही अपराध कार्य के लिए अपराधी पर दो जुर्म लगेंगे। मैं चाहता हूं कि इस प्रकार का दोहरापन नहीं होना चाहिए।

विधेयक में यह उपबन्ध किया गया है कि यदि निश्चित समय में अथवा दोषसिद्धि के बाद बढ़ाए गये समय में मालिक वह राशि देने में असफ़ल रहता है तो वह एक अपराध करता है और धारा 85 के अन्तर्गत दोषी माना जाएगा। मालिक कितनी बार यह अपराध कर सकता है। सबसे अच्छी बात यह होगी कि काटे गये धन की बकाया राशि पर बैंक दर से अधिक दर पर ब्याज लिया जाये। ऐसी स्थिति में मालिक को राशि बकाया रखने में कोई प्रसन्नता नहीं होगी क्योंकि उसे बढ़ी हुई दर से ब्याज देना पड़ेगा जो बाजार दर और बैंक दर से अधिक होगी।

इसके अतिरिक्त उस प्रतिष्ठान अथवा कम्पनी की परिसम्पत्तियों तथा साधनों से बकाया राशि वसूल की जानी चाहिए। इससे भुगतान में सुविधा होगी। उत्पादन शुल्क, विक्रय शुल्क अथवा अन्य सरकारी शुल्कों की बकाया राशि को काट कर कर्मचारियों को जो देय राशि होती है वह पहले काट ली जानी चाहिए और इन प्रतिष्ठानों की सम्पत्ति सम्बद्ध की जानी चाहिए। केवल इस प्रकार से ही बकाया राशि वसूल हो सकेगी। केवल कानून बनाने से ही यह काम नहीं हो सकेगा।

